बिहार विधान परिषद्

समापन भाषण

212वां सत्र

माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता,

माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय,

माननीय नेता, विरोधी दल,

माननीय उप सभापति,

माननीय सदन उप नेता द्वय,

माननीय मंत्रीगण,

माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,

माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल,

माननीय उप मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,

माननीय सचेतक द्वय, सत्तारूढ़ दल,

विभिन्न दलों के माननीय नेतागण,

बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण,

प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण !

बिहार विधान परिषद् के 212वें सत्र का आज समापन हो रहा है। इस सत्र में कुल 19 बैठकें आयोजित हुईं।

इस सत्र के लिए कुल 1190 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 1024 प्रश्नों को स्वीकृत किया गया। कुल 273 प्रश्न उत्तरित हुए। वर्तमान सत्र के लंबित प्रश्नों को आगामी सत्र में सदन की मेज पर रखने हेतु सरकार से अनुशंसा करता हूं।

इस सत्र के लिए ध्यानाकर्षण की कुल 179 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 103 ध्यानाकर्षण सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत हुईं। 80 सूचनाएं उत्तरीत हुईं। 7 सूचनाएं व्यपगत हुईं। 15 सूचनाएं प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के विचारार्थ सुपुर्द की गईं।

शून्यकाल की कुल 157 सूचनाएं प्राप्त हुईं जिनमें से 67 सूचनाएं स्वीकृत की गईं। 90 सूचनाएं अस्वीकृत हुई। 7 सूचनाएं व्यपगत हुई। 13 स्वीकृत सूचनाएं शून्यकाल समिति के विचारार्थ सुपुर्द की गईं।

निवेदन की कुल 245 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 232 सूचनाएं स्वीकृत हुईं। 13 सूचनाएं अस्वीकृत हुईं। सभी स्वीकृत निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया।

नेवा द्वारा इस सत्र के लिए अल्पसूचित प्रश्नों की 488 सूचनाएं प्राप्त हुईं। इनमें से 420 सूचनाओं को स्वीकृत कर विभाग भेजा गया है। कुल 304 सूचनाओं को कार्यसूची पर लाया गया है। 232 प्रश्न उत्तरित हुए। 891 तारांकित प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 745 सूचनाओं को स्वीकृत कर विभाग को भेजा गया है। कुल 474 सूचनाओं को कार्यसूची पर लाया गया है।

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसामान्य कीं समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है। सदन में

महत्वूपर्ण विषयों पर वाद-विवाद में सहभागिता के लिए सदन के सभी माननीय सदस्यों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं। सदन को मर्यादित एवं अनुशासित रूप से चलाने में रचनात्मक सहयोग देने के लिए सभी दल के नेताओं एवं माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

वर्तमान सत्र में निम्नलिखित विधेयक पारित किए गए-

(1) बिहार विनियोग विधेयक, 2026

(2) बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2026

(3) बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2026

(4) बिहार कर्मचारी चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2026

(5) बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2026

(6) बिहार सिविल न्यायालय विधेयक, 2026

(7) बिहार सचिवालय सेवा (संशोधन) विधेयक, 2026

(8) बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाएं (धन उधार विनियमन एवं प्रपीड़क कार्रवाई निवारण) विधेयक, 2026

(9) बिहार निजी व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थान (नामांकन विनियमन एवं शुल्क निर्धारण) विधेयक, 2026

(10) बिहार अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2026

(11) बिहार जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026

(12) बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2026

मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, माननीय नेता, विरोधी दल, माननीय उप सभापति, माननीय सदन उप नेता द्वय, माननीय मंत्रीगण, माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल, माननीय उप मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, माननीय सचेतक द्वय, सत्तारूढ़ दल, विभिन्न दलों के माननीय नेतागण एवं बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण का आभारी हूं कि आप सबने सत्र के दौरान संसदीय दायित्वों के प्रति गहरी निष्ठा का परिचय दिया। मैं प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं छायाकार बन्धुओं के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने सदन की कार्यवाही को प्रकाशित एवं प्रसारित करते हुए जन सामान्य से हमारे रिश्ते को प्रगाढ़ करने की जिम्मेदारी निभाई है।

अंत में, मैं बिहार विधान परिषद् के सचिव एवं परिषद् सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं जिनके सहयोग से इस सत्र के दौरान संसदीय दायित्वों का सफलतापूर्वक संचालन करने में समर्थ हो सका हूं।

धन्यवाद ।

अवधेश नारायण सिंह
सभापति

27 फरवरी, 2026